आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 01.10.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय किये–रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी बढ़ाया गया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्र की अथक सेवा करने के साथ ही समाज को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- देश और प्रदेश में आज दुर्गा नवमी का पर्व भक्ति और श्रद्धाभाव से मनाया गया।
- राज्य में अगले तीन–चार दिन बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना।

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की बढोतरी को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद बताया कि इससे केंद्र सरकार के लगभग 49 लाख बीस हजार कर्मचारियों और 68 लाख 70 हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा। यह बढौत्तरी इस वर्ष पहली जुलाई से प्रभावी होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने देश भर में पांच हजार 862 करोड़ रुपये से अधिक परिव्यय से 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि जिन जिलों में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है, वहां 20 केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दे दी है।

...............

यह मिशन 2025–26 से 2030–31 तक छह वर्षों की अवधि में 11 हजार 4 सौ 40 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ लागू किया जाएगा। विपणन सत्र 2026–27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को भी मंजूरी दी गई है। सबसे अधिक वृद्धि कुसुम के लिए 600 रुपये प्रति क्विंटल और मसूर के लिए 300 रुपये प्रति क्विंटल की गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा और समाज को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करते रहे हैं। वे आज नई दिल्ली में आयोजित संघ के शताब्दी वर्ष समारोह **स्मरणोत्सव** को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि शताब्दी समारोह आर.एस.एस. की विरासत, संघ के सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में संघ की भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर श्री मोदी ने एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि सिक्के पर भारत माता का प्रतीक है।

...............

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कल विजयदशमी का पर्व है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

...............

इस अवसर पर आर.एस.एस. के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संघ के कार्यों और गतिविधियों को देश के कोने–कोने में देखा जा सकता है।

000

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज मुंबई में चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की। श्री मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई ने अपनी रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है और यह साढे पांच प्रतिशत बनी रहेगी। आरबीआई गवर्नर ने विश्वास व्यक्त किया कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने से सीपीआई बास्केट में कई वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति का परिणाम इस वर्ष अगस्त में लगाए गए अनुमान से कम रहने की संभावना है, जिसका मुख्य कारण जीएसटी दर में कटौती तथा खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी है।

000

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने जयपुर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पंत कृषि भवन में हुए समारोह में श्री मीणा ने किसानों को खरीफ 2025 की बीमा पॉलिसियाँ वितरित कीं। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों को फसल खराबे के नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खरीफ 2025 में देशभर में करवाई गई 8 करोड़ 71 लाख बीमा पॉलिसियों में से 2 करोड़ 16 लाख यानि लगभग 25 प्रतिशत अकेले राजस्थान की हैं। किसानों को समय पर पॉलिसी की हार्ड कॉपी

उपलब्ध कराने और जागरुकता बढ़ाने के लिए 31 अक्टूबर तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर लगाकर घर–घर पॉलिसियों का वितरण किया जाएगा।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज अजमेर में राजकीय संग्रहालय के संरक्षण, जीर्णोद्धार और उन्नयन कार्यों का शुभारंभ किया। राज्य की बजट घोषणा 2025–26 के तहत, इन विकास कार्यों में सिंधु दर्शन दीर्घा निर्माण, प्रदर्शनी कक्ष का विकास और धरोहर पुस्तकालय के उन्नयन जैसे महत्वपूर्ण काम शामिल हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि विरासत को सहेजकर रखने की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने कहा कि सरकार अजमेर को पर्यटन से जोड़ने और संग्रहालयों को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने संग्रहालय में रखी दुर्लभ पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए अतिरिक्त बजट देने का भी आश्वासन दिया।

000

केन्द्र सरकार के बड़े जीएसटी सुधारों नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर आज झुंझुनूं के सूरजगढ़ में 'जीएसटी बचत उत्सव' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत रहीं। उन्होंने कहा कि यह सुधार टैक्स सिस्टम को आसान बनाने के साथ–साथ आम लोगों को रोजमर्रा की चीजों पर बड़ी राहत भी देंगे। श्रीमती अहलावत ने जानकारी दी कि अब दूध, ब्रेड, मोबाइल, टीवी, एसी और कार जैसी चीज़ों और सेवाओं पर कम टैक्स देना होगा।

000

देशभर में आज दुर्गा नवमी का पर्व भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इसे महानवमी भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। राज्य के अन्य हिस्सों में भी धार्मिक उत्साह के साथ यह पर्व मनाया गया। भीलवाड़ा शहर के प्रसिद्ध बाबा धाम मंदिर में 1 हजार 8 कन्याओं का पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। पाली जिले में नाडोल की आशापुरा माता का विशेष सोने के मुकुट से श्रृंगार किया गया। सवाईमाधोपुर सहित पूरे प्रदेश में घरों में कन्या पूजन किया गया। उधर, सिरोही जिले में नवरात्रि के अवसर पर गरबा महोत्सव की धूम रही, जहाँ युवक–युवतियों ने पारंपरिक और आधुनिक धुनों पर उल्लासपूर्वक नृत्य किया।

000

प्रदेश में आज से वन्यजीव सप्ताह की शुरूआत हुई। इस सप्ताह का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरुकता पैदा करना है। सवाईमाधोपुर में उपवन संरक्षक रामानंद भाकर ने स्कूली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय उद्यान के निःशुल्क भ्रमण के लिए ले जाने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी विद्यार्थियों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही, उन्हें पर्यावरण–अनुकूल पहल के रूप में कपड़े के थैले भी वितरित किए गए।

000

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया गया। चूरू में जिला निर्वाचन अधिकरी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में एसडीएम सुनील कुमार ने डुंगर सिंहपुरा ढाणी में मनकोरी और मनभरी मतदाताओं को प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया। इसी तरह, जालोर जिले के राह गांव में भी तीन शतायु महिला मतदाताओं का सम्मान किया गया। उधर, भरतपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 202 शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया गया। करौली जिले में भी जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान किया।

000

प्रदेश में तेज बारिश का सिलसिला तीन–चार दिन जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, भरतपुर, अजमेर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में आज मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। 5 से 7 अक्टूबर के दौरान, बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग में बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस बीच, बीते 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। कई स्थानों पर हुई तेज बरसात से जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया। राजधानी जयपुर में भी जलभराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

000

जैसलमेर से नई दिल्ली के लिए आज से हवाई सेवा शुरू हुई है। पर्यटन सीजन की शुरूआत से जैसलमेर के हवाई अड्डे पर एक बार फिर से रौनक लौट आई है। अब सैलानियों को जैसलमेर पहुंचने के लिए एक सुविधाजनक हवाई विकल्प मिल गया है। हवाई सेवाओं के दोबारा शुरू होने से पर्यटन व्यवसायी काफी उत्साहित हैं। 26 अक्टूबर से जैसलमेर से बैंगलुरु, जयपुर और मुंबई के लिए हवाई सेवाएं शुरू होने की संभावना है।

000